03-06-2023

न्यूज फटाफट

अर्थ सिस्टम बॉउंड्रीज़ (ESBs)

- एक शोध में पता चला है कि 8 ESBs में से 7 को पहले ही पार किया जा चुका है। ESBs पृथ्वी के स्वास्थ्य की स्थिरता और प्रजातियों के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण हैं।
- ESBs जलवायु, स्वच्छ जल, जैव विविधता और विविध प्रकार के प्रदूषण के लिए वैज्ञानिक रूप से निर्धारित सुरक्षित एवं न्यायसंगत सीमाएं हैं।
- इन सीमाओं के भीतर रहते हुए हम पृथ्वी की स्थिरता और लचीलापन बनाए रख सकते हैं। साथ ही, हम आवश्यक संसाधनों की सतत उपलब्धता को सुनिश्चित कर सकते हैं।
- ये पृथ्वी के स्वास्थ्य को बनाए रखने की अंतिम सीमाएं हैं और इन सीमाओं का अस्थायी उल्लंघन भी हमारे ग्रह की महत्वपूर्ण प्रणालियों को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचा सकता है।

तुर्की (राजधानी: अंकारा)

- तुर्की के राष्ट्रपति को एक बार और राष्ट्रपति पद के लिए चुन लिया गया है।
- **राजनीतिक सीमाएं -**
  - इसका कुछ भाग एशिया में और कुछ भाग यूरोप में स्थित है।
  - यह निम्नलिखित सागरों एवं देशों से घिरा हुआ है:
    - ✓ उत्तर में काला सागर से,
    - ✓ उत्तर-पूर्व में जॉर्जिया और आर्मेनिया से, पूर्व में अज़रबैजान एवं ईरान से,
    - ✓ दक्षिण-पूर्व में इराक व सीरिया से,
    - ✓ दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम में भूमध्य सागर एवं एजियन सागर से तथा
    - ✓ उत्तर-पश्चिम में ग्रीस और बुल्गारिया से।
  - यह साइप्रस, मिस्र, रोमानिया, रूस और यूक्रेन के साथ अपनी समुद्री सीमाएं साझा करता है।
  - इस्तांबुल, तुर्की का सबसे बड़ा शहर और बंदरगाह है।
- **भौगोलिक विशेषताएं**
  - प्रमुख नदी: यूफ्रेट्स, टाइग्रिस और किज़िलिर्मक|
  - सर्वोच्च बिंदु: माउंट अरारत।
  - महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य: बोस्फोरस और डारडेनेल्स जलडमरूमध्य।
  - तुर्की अनातोलिया पठार का एक भाग है।

कोसोवो (राजधानी : प्रिस्टिना)

- हाल ही में, उत्तरी कोसोवो में हुए एक हमले के दौरान नाटो के कई शांति रक्षक सैनिक घायल हो गए।
- कोसोवो यूरोप के बाल्कन क्षेत्र में स्थित एक भू-आबद्ध देश है। यह अल्बानिया, उत्तर मैसेडोनिया, मोंटेनेग्रो और सर्बिया से घिरा हुआ है।

- कोसोवो ने अपने सर्ब और मुख्य रूप से अल्बानियाई निवासियों के बीच लंबे समय से जारी तनावपूर्ण संबंधों के बाद वर्ष 2008 में सर्बिया से अपनी एकतरफा स्वतंत्रता की घोषणा की थी।
- **भौगोलिक विशेषताएं:**
  - यह भौगोलिक दृष्टि से पर्वतीय क्षेत्र है। यहां तीव्र ढाल वाली चोटियां और संकीर्ण घाटियां पाई जाती हैं।
  - जलवायु: यहां की जलवायु महाद्वीपीय है। यहां शीत ऋतु अत्यधिक ठंडी व शुष्क होती है तथा ग्रीष्म ऋतु बहुत गर्म व आर्द्र होती है।
  - प्रमुख नदी: इबर नदी।
  - सर्वोच्च बिंदु: जेराविका।

पापुआ न्यू गिनी (राजधानी: पोर्ट मोरेस्बी)

- हाल ही में, प्रधान मंत्री ने पापुआ न्यू गिनी में आयोजित भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच (FIPIC) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया।
- **राजनीतिक सीमाएं:**
  - यह दक्षिण–पश्चिमी प्रशांत महासागर में एक द्वीपीय देश है। इसमें न्यू गिनी का पूर्वी भाग (दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा द्वीप); बिस्मार्क द्वीपसमूह; बोगेनविले और बुका (सोलोमन द्वीप श्रृंखला का हिस्सा) तथा अन्य छोटे द्वीप शामिल हैं।
  - यह भूमध्य रेखा के ठीक दक्षिण से टोरेस जलडमरूमध्य तक फैला हुआ है।
- **भौगोलिक विशेषताएं:**
  - यह देश मेलानेशिया के रूप में परिभाषित क्षेत्र में स्थित है।
  - यह एक भ्रंश रेखा के समीप स्थित है। इसके कारण यहां भूकंप आते हैं। इन भूकंपों के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में सुनामी जैसी आपदाएं सामान्य रूप से घटित होती रहती हैं।
  - मुख्य नदियां : सेपिक, रामू, फ्लाई और पुरारी।
  - सबसे ऊँची चोटी : माउंट विल्हेम

सोमालिया (राजधानी: मोगादिशु)

- वर्ष 2024 में सोमालिया प्रत्यक्ष सार्वभौमिक मताधिकार को लागू करेगा।
- **राजनीतिक सीमाएं:**
  - यह अफ्रीका महाद्वीप की मुख्य भूमि के सबसे पूर्व में स्थित देश है। यह देश हॉर्न ऑफ अफ्रीका प्रायद्वीप का हिस्सा है।
  - सोमालिया उत्तर में अदन की खाड़ी, पूर्व में हिंद महासागर, पश्चिम में केन्या और इथियोपिया तथा उत्तर पश्चिम में जिबूती से घिरा हुआ है।
- **भौगोलिक विशेषताएं:**
- सोमाली प्रायद्वीप मुख्य रूप से नवीन चूना पत्थर और बलुआ पत्थर की संरचनाओं से निर्मित एक पठारी क्षेत्र है।
- प्रमुख नदियां : जुब्बा और शबेले।
- सर्वोच्च बिंदु: सुरुद कैड।

लेबनान (राजधानी: बेरूत)

- लेबनान को उन देशों की 'ग्रे लिस्ट' में शामिल किए जाने की संभावना है, जो धन शोधन (money laundering) और आतंकवाद के वित्त-पोषण को रोकने की अपर्याप्त कार्रवाइयों के कारण विशेष जांच के अधीन हैं।
- **राजनीतिक सीमाएं :**
  - यह भूमध्य सागर के पूर्वी तट पर स्थित है।
  - यह उत्तर और पूर्व में सीरिया, दक्षिण में इजरायल तथा पश्चिम में भूमध्य सागर से घिरा हुआ है।
  - यह साइप्रस के साथ अपनी समुद्री सीमा साझा करता है।
- **भौगोलिक विशेषताएं :**
  - भू-भागः यह संकीर्ण तटीय मैदान वाला देश है। अल बेका (बेका घाटी) लेबनान और एंटी - लेबनान पर्वत को अलग करती है।
  - प्रमुख नदीः नहर अल लितानी।
  - उच्चतम बिंदुः कुर्नत अल - सवदा।
  - निम्नतम बिंदु भूमध्य सागर।

चिल्का झील

- ओडिशा के चिल्का वन्यजीव प्रभाग द्वारा किए गए पक्षियों के वार्षिक ग्रीष्मकालीन सर्वेक्षण के दौरान झील में पक्षियों की 88 प्रजातियां पाई गई।
- चिल्का एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की झील और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तटीय लैगून है।
- चिल्का झील 1981 में रामसर अभिसमय के तहत नामित होने वाली पहली भारतीय अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि (WII)" है।
- यह एशिया की पहली आर्द्रभूमि है, जिसे 2002 में मोंट्रेक्स रिकॉर्ड (Montreux Record) से हटाया गया था।
- मोंट्रेक्स रिकॉर्ड, Wll का रजिस्टर है। इसमें ऐसी आर्द्रभूमियों को सूचीबद्ध किया जाता है, जिनमें मानवीय गतिविधियों की वजह से पारिस्थितिक परिवर्तन दिखाई दिए हैं या परिवर्तन दिखाई देने की संभावना है।
- कालिजाई मंदिर चिल्का झील में एक द्वीप पर स्थित है।
- प्रमुख आकर्षणः इरावदी डॉल्फिन (IUCN लाल सूची स्थितिः एंडेंजर्ड)।

डल झील

- डल झील में हजारों मृत मछलियां बहती हुई पाई गई हैं। इनकी मृत्यु का कारण झील की अलग-अलग गहराइयों पर तापमान में अंतर को बताया गया है।
- डल झील जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर में स्थित है। इस झील को 'श्रीनगर का गहना' कहा जाता है। इसका निर्माण झेलम नदी से आई बाढ़ के कारण हुआ था।
- इसमें फ्लोटिंग गार्डन हैं, जिन्हें कश्मीरी भाषा में 'राड' कहा जाता है। डल झील में शिकारा नामक हाउसबोट चलाई जाती हैं।

सोमालिया (राजधानी: मोगादिशु)

- शबेले नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण लगभग 200,000 लोग विस्थापित हो गए हैं।
- **राजनीतिक सीमाएं:**
  - अवस्थितिः यह अफ्रीका महाद्वीप की मुख्य भूमि के सबसे पूर्व में स्थित देश है। यह देश हॉर्न ऑफ अफ्रीका प्रायद्वीप का हिस्सा है।
  - सीमाएं : इसकी सीमाएं इथियोपिया, जिबूती, अदन की खाड़ी, केन्या और हिंद महासागर से लगती है।
  - यह यमन के साथ समुद्री सीमा साझा करता है।
  - भूमध्य रेखा सोमालिया से होकर गुजरती है।
- **भौगोलिक विशेषताएं**
  - भू-भागः अधिकतर समतल सवाना क्षेत्र और अर्ध- मरुस्थल तथा उत्तर में तरंगित पठार से पर्वतीय क्षेत्र तक।
  - प्रमुख नदियां : शबेले और जुब्बा।
  - उच्चतम बिंदुः माउंट शिंबिरिस, जिसे माउंट सुरुद कैड के नाम से भी जाना जाता है।

KAUTILYA ACADEMY INDORE